<u>प्रकाशनार्थ</u>

एम0बी0ए0 विभाग के छात्रों ने किया 'सहज मिल्क कम्पनी, हाथरस' का शैक्षिणिक भ्रमण।

आगराः—शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के आगरा स्थित आनंद इंजीनियिरिंग कालेज के एम0बी0ए0 विभाग के छात्रों ने सहज मिल्क प्रोडयूसर कम्पनी, हाथरस का एक दिवसीय शैक्षिणिक भ्रमण किया।

इस भ्रमण के दौरान छात्रों ने हाथरस स्थित 'सहज मिल्क प्रोडयूसर' कम्पनी को देखा एवं यहाँ की विस्तृत कार्य प्रणाली को समझा। छात्रों ने कम्पनी के प्रमुख उत्पादों को बनते हुए देखा एवं ये भी जाना कि किस प्रकार सहज अपने विभिन्न उत्पादों जैसे दूध, दही, छाछ, घी आदि की गुणवत्ता को बनाये रखता है। छात्र यह जानकर बेहद प्रभावित हुए कि कम्पनी गुणवत्ता, पारदर्शिता, टीम भावना, दूरदर्शिता, ईमानदारी आदि प्रबन्धन के सिद्वान्तों का बहुत ही गंभीरता से अनुपालन कर रही है।

छात्र इस बात से बेहद प्रेरित हुए कि 'सहज मिल्क प्रोडयूसर कम्पनी' का मुख्य उद्देश्य न केवल छोटे—छोटे दुग्ध व्यवसाइयों के जीवन स्तर को सुधारने का है बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का भी है। वह अपने निजी लाभों से अधिक सामाजिक लाभों के लिए कार्यरत हैं।

इस एक दिवसीय शैक्षिणिक भ्रमण को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष डा0 रविकान्त पाठक, श्री अतुल नारंग, डा0 रूचि जैन, एवं डा0 मुकेश जेठवानी का अह्म योगदान रहा।

डा0 पाठक ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिणिक एवं औद्योगिक भ्रमण छात्रों को वास्तविकता में एक कम्पनी की कार्यप्रणाली से परिचित कराते हैं जिससे भविष्य में उन्हें किसी भी कम्पनी में कार्य करने में कोई समस्या न आये। उन्होंने यह भी बताया कि छात्रों की प्रतिभा से प्रसन्न होकर कम्पनी भविष्य में उन्हें नौकरी एवं ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण के अवसर भी प्रदान करेगी।

कालेज के निदेशक डा0 शैलेन्द्र सिंह ने शैक्षिणिक भ्रमण के सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षिणिक और औद्योगिक भ्रमण प्रबन्धन के छात्रों के बहुआयामी विकास के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के भ्रमण से छात्रों के अन्दर एक नई ऊर्जा का संचार तो होता ही है बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

शारदा ग्रुप के वाईस चैयरमेन श्री वाई0के0 गुप्ता जी एवं मुख्य अधिशासी उपाध्यक्ष श्री प्रदीप महता ने शैक्षिणिक भ्रमण आयोजित करने के लिए विभाग को बधाई दी।